Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title : Need to set up a Doordarshan Kendra at Beena, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर (मध्य प्रदेश) का बीना एक महत्वपूर्ण जंक्शन है। यहां अनाज की बहुत बड़ी मंडी है। यहां पर भारत पेट्रोलियम द्वारा बीना रिफाइनरी स्थापित की जा रही है। इससे इस नगर का व्य वसायिक महत्व और बढ़ जायेगा, किंतु यहां पर दूरदर्शन केन्द्र नहीं होने से यहां के नागरिकों को केबल संचालकों की मनमानी पर निर्भर रहना पड़ता है। बीना के नागरिकों द्वारा यहां दूरदर्शन केन्द्र प्रारंभ करने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बीना नगर की आवश्यकताओं को दृटिगत रखते हुए यहां पर शीघ्र ही दूरदर्शन केन्द्र प्रारंभ करवाने का सहयोग करें।